सार्वजनिक सूचना

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन/नामांकन आमंत्रित

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल दिनांक **15 मई, 2026 से 31 जुलाई, 2026** तक खुला रहेगा।

आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। दिनांक **31 जुलाई, 2026** तक प्राप्त सभी आवेदन/नामांकन पर वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों हेतु विचार किया जाएगा।

आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से **ऑनलाइन** प्रस्तुत किए जाने हैं। नामांकन में पोर्टल पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप के अनुसार सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए तथा उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से वर्णित किया जाना चाहिए। उपलब्धियों से संबंधित सहायक दस्तावेज भी पोर्टल पर अपलोड किए जाने आवश्यक हैं।

निम्नलिखित उप-श्रेणियों के लिए:

- **सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन**
- **श्रेष्ठ दिव्यांगजन**
- **श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बाल/बालिका**

यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

भौतिक रूप से अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट **www.depwd.gov.in** तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर उपलब्ध "दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार दिशानिर्देश" देखे जा सकते हैं.